# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 03/08/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Hari Bhoomi (Bhopal,MP)**

107 बटालियन ने रोपे पौधे...

# वृक्षों से हानिकारक गैसों का अवशोषण होता है: कमांडेंट

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में नगर पालिका द्वारा वार्ड 23 के शीतल होम्स कॉलोनी में नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा पौधरोपण किया गया। जानकारी अनुसार नगर पालिका द्वारा नगर में पांच हजार पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। उसी के तहत पूरे नगर में पौधरोपण किया जा रहा है। वहीं गौहरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आरपीएफ के 107 बटालियन के जवानों व अधिकारियों ने कमांडेंट संजय कुमार शर्मा के निर्देशन में पौधा रोपण किया गया।

इस अवसर पर कमांडेंट संजय कुमार ने कहा कि वृक्ष कार्बनडाईऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन को छोड़ते हैं। इसलिए अगर हमें वास्तव में जीवित रहना है और अच्छा



जीवन-यापन करना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पौधे लगाना होगा, जिससे पर्यावरण से अन्य हानिकारक गैसों का वृक्षों द्वारा अवशोषण हो सके और हमें शुद्ध वायु मिल सके। जितने हरे भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा और विषैली गैसों का अवशोषण होगा साथ ही धरती/वायुमंडल का वैश्विक तापमान भी नियंत्रित होता है।

## Patrika (Bhopal,MP)

# गौहरगंज में रोपे गए 200 पौधे

PATRIKA
BHOPAL
PAGE-15



गौहरगंज. 107 बटालियन के (द्वितीय कमान अधिकारी) कमाण्डेंट संजय कुमार शर्मा की अगुवाई में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौहरगंज (रायसेन) में अधिकारियों और जवानों द्वारा 200 पौधे लगाए। इस मौके पर वाहिनी के अन्य अधिकारियों एवं जवानों के साथ डॉ. शुभी मिश्रा , डॉ. केपी यादव के साथ स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर कमाण्डेंट संजय शर्मा बताया कि जितने हरे-भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन मिलेगा और विषैली गैसों का अवशोषण होगा। इसके साथ ही धरती और वायुमंडल का वैश्विक तापमान भी नियंत्रित होता है। जिन स्थानों पर पेड़ पौधे पर्याप्त संख्या में होते हैं वहां जल का पर्याप्त संरक्षण होता है। अंत में शर्मा ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों का आभार माना।

## Nai Duniya (Bhopal,MP)

NAIDUNIYA BHOPAL PAGE NO-05

# आरएएफ के जवानों ने सीएचसी गौहरगंज में 200 पौधे रोपे

भोपाल। नवदुनिया प्रतिनिधि

107 बटालियन आरएएफ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौहरगंज में शुक्रवार को 200 पौधे रोपे गए। इसमें गौहरगंज की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शुभि मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थीं।

107 बटालियन आरएएफ के कमाण्डेंट संजय कुमार शर्मा ने कहा कि पौधे वृक्ष बनकर कार्बन डाइआक्साइड को अवशोषित कर आक्सीजन को छोडते हैं। इसलिए अगर हमको वास्तव में जीवित रहना है और अच्छा जीवनयापन करना है तो अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ शुभि मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण अन्य हानिकारण गैसों से बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करें और करवाएं, जब यह पौधे वृक्ष बन जाते तो यह हानिकारक गैसों का अवशोषित कर लेते हैं। इससे पर्यावरण सुरक्षित रहता है और हमें शुद्ध हवा मिलती है। आपके आसपास जितनी ज्यादा हरियाली होगी, उतनी अधिक आक्सीजन का उत्पादन होगा। वायुमंडल का तापमान भी नियंत्रित रहेगा। इस अवसर पर भारी संख्या में आरएएफ के आला अफसर और जवान उपस्थित थे।



107 बटालियन आरएएफ ने गौहरगंज के स्वास्थ्य केंद्र में पौधारोपण किया। ● नवदुनिया

### मंदिर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण सुधार का संकल्प लिया

संत हिरदाराम नगर (नप्र)। विजयनगर विकास समिति ने पर्यावरण सुधार की दृष्टि से मृत्युंजय महादेव मंदिर में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर समिति के आनंद सबधानी, कामेश्वर शर्मा, डा. रमेश माधव एवं दीपक नामदेव सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इधर, बैरागढ़ के वार्ड 4 की आंगनवाड़ियों में पार्षद भारती महेश खटवानी की अगुवाई में बड़ी संख्या में पौधे रौपे गए। इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने घर के आसपास भी पौधे लगाने का संकल्प लिया।

### बरखेड़ा पठानी हाई स्कूल में लगाए पौधे

भेल (नप्र)। वार्ड 56 में आने वाले बरखेड़ा पठानी शासकीय हाई स्कूल में शुक्रवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य केवल मिश्रा ने स्कूल की छात्राओं व शिक्षिकाओं के साथ मिलकर नीम, पीपल, आम, जामुन सहित अन्य प्रजातियों के करीब दो दर्जन छायादार व फलदार पौधे रोपे। इसके साथ ही पौधों की देखरेख व रखरखाव का संकल्प दिलाया।


Prabhat Khabar (Deoghar,JKD)

# 16 दिनों में बाबा की आय पौने चार करोड़ के पार

• सिर्फ शीघ्रदर्शनम से ढाई करोड़ से अधिक की आमदनी

**संजीव मिश्रा** ▷ देवघर

## 21 लाख कांवरियों ने किया जलार्पण



विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में बाबा वैद्यनाथ पर जलार्पण करने वाले कांवरियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है. इससे बाबा मंदिर की आय में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है. प्रशासनिक रिकॉर्ड के अनुसार, श्रावणी मेले के दौरान 17 जुलाई से एक अगस्त तक बाबा मंदिर में कुल 20,87,429 कांवरियों ने मुख्य अरघा, बाह्य अरघा व शीघ्र दर्शनम कूपन के माध्यम से जलार्पण किया. वहीं इन 16 दिनों में बाबा मंदिर को 3,78,14,307 रुपये की आमदनी हुई है. इसमें सबसे अधिक शीघ्रदर्शनम कूपन के माध्यम से मंदिर को 02,63,20,000 रुपये की आमदनी हुई है. वहीं बाबा मंदिर व मां पार्वती मंदिर के अलावा अन्य मंदिरों, विकास पत्र सहित अन्य स्रोत से भी रिकॉर्ड आमदनी दर्ज की गयी है. बाबा मंदिर प्रशासन की मानें, तो आय में वृद्धि होने का सबसे बड़ा कारण व्यवस्था में लगातार सुधार व मंदिर कर्मचारी की ईमानदारी पूर्वक ड्यूटी है.

### बाबा मंदिर को किस मद से कितनी आमदनी (16 दिनों में)

| | |
|---|---|
| बाबा मंदिर में चढ़ावा - | 999339 |
| बाबा मंदिर रात्रि चढ़ावा- | 103543 |
| पार्वती मंदिर में चढ़ावा - | 704290 |
| पार्वती मंदिर रात्रि चढ़ावा - | 19452 |
| बाह्य अरघा चढ़ावा - | 20969 |
| कंप्यूटर रसीद से दान - | 4155139 |
| हाथ रसीद से दान - | 820655 |
| विकास पत्र - | 4530833 |
| बाइसी मंदिर- | 60848 |
| माली महाल- | 36400 |
| अन्य स्रोत - | 42839 |
| शीघ्रदर्शनम कूपन - | 26320000 |
| कुल | 37814307 |

**मेले के बाद कर्मचारियों को मिल सकता इनाम** : पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी बाबा मंदिर में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों की प्रोन्नति की तैयारी की जा रही है. वहीं दिन-रात काम करने के लिए सावन-भादो के बाद कर्मचारियों को बीते वर्ष की तरह इंसेंटिव देने की भी बात हो रही है. वहीं बाबा मंदिर में लगातार बेहतर कार्य करने के लिए कर्मचारियों को मंदिर की ओर से बड़ा इनाम दिया जा चुका है. कर्मचारियों के वेतन में 10 फीसदी बढ़ोतरी की मंजूरी दी जा चुकी है. मिली जानकारी के अनुसार, बेहतर आय देने वाले व अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले कर्मी पर भी मंदिर प्रशासन की पूरी नजर है. इस तरह के कर्मचारियों की लिस्ट बनायी जा रही है तथा इनकी पदोन्नति तय मानी जा रही है.

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF






**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**